NJ-1005

B.A. (Part - I) Examination, Mar.-Apr., 2023

HINDI LITERATURE

Paper - II

(हिन्दी कथा साहित्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Q. 1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) यह समझ लीजिए कि जिस देश में स्त्रियों की जितनी अधिक स्वाधीनता है, वह देश उतना ही सभ्य है। स्त्रियों को कैद में, परदे में या पुरुषों से कोसों दूर रखने का तात्पर्य यही निकलता है कि आपके यहाँ जनता इतनी आचार भ्रष्ट है कि स्त्रियों का अपमान करने में जरा भी संकोच नहीं करती। **7**

अथवा

जिस समाज में रात दिन काम करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी नहीं थी, और किसानों के मुकाबले वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा सम्पन्न थे, वहाँ उस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात नहीं थी। हम तो कहेंगे, घीसू किसानों से कहीं ज्यादा विचारवान था और किसानों के विचारशून्य समूह में शामिल होने के बदले बैठकबाजों की कुत्सित मण्डली में जा मिला था।

(ख) एक कामयाब पार्टी वह है जिसमें ड्रिंक कामयाबी से चल जाय सामनाथ की पार्टी की सफलता के शिखर चूमने लगी। वार्तालाप उसी रौ में बह रहा था, जिस रौ में गिलास भरे जा रहे थे। कहीं कोई रुकावट नहीं थी,

कोई अड़चन न थी। साहब को ह्विस्की पसंद आई थी। मेम साहब को पर्दे पसंद आये थे, सोफा कवर का डिजाइन पसंद आया था, कमरे की सजावट पसंद आई थी। इससे बढ़कर क्या चाहिए ? 7

अथवा

बस सिरचन की उगलियों में सुतली के फन्दे पड़ गए। मानों कुछ देर तक वह चुपचाप बैठा पान को मुँह में घुलाता रहा। फिर अचानक पिछवाड़े पीक थूक गया। अपनी धूरी हँसिया बगैरह समेट-संभालकर झोले में रखे। टंगी हुई अधूरी चिक पर एक निगाह डाली और हनहनाता हुआ आंगन के बाहर निकल गया।

(ग) रात होने पर रख्खा रोज़ की तरह गली के बाहर बायीं तरफ की दुकान के तख्ते पर आ बैठा। रोज़ वह रास्ते से गुजरने वाले पारचित लोगों को आवाज दे-देकर पास

बुला लेता था और उन्हें सट्टे के गुर और सेहत के नुस्खे बताया करता था। मगर उस दिन वह वहाँ बैठा लच्छे को अपनी वैष्णव देवी की उस यात्रा का वर्णन सुनाता रहा जो उसने पन्द्रह साल पहले की थी। लच्छे को भेज कर वह गली में आया तो मलबे के पास लोकू पण्डित की भैंस को देखकर वह आदत के मुताबिक उसे धक्के दे-देकर हटाने लगा। **7**

अथवा

वाहिद ने सैकड़ों बार कही बात एक बार फिर अपने अनमन ढंग से दोहरा दी। तभी दरवाजे के पास मुनीर साहब दिखाई दिए। इधर से ध्यान हटाकर वाहिद ने मुनीर साहब के चेहरे की तरफ अपनी आँखें जमा दी। पर लगातार कई मिनटों तक मुनीर साहब के चेहरे की तरफ देखने पर भी उसका ध्यान वाहिद की तरफ नहीं

लौटा और वह अपने किसी नौकर को हिदायतें देकर लौटने लगे, तो अपनी जगह आगे आ, पुकार कर वाहिद ने कहा, 'मुनीर साहब, आदाब अर्ज है।'

Q. 2. 'गबन' उपन्यास का मूल उद्देश्य क्या है ? स्पष्ट कीजिए। **12**

अथवा

'मलबे का मालिक' कहानी की समीक्षा कीजिए।

Q. 3. कहानी के तत्व के आधार पर 'चीफ की दावत' कहानी की समीक्षा कीजिए। **12**

अथवा

'गदल' कहानी के आधार पर गदल का चरित्र-चित्रण कीजिए।

Q. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियाँ लिखिए : **15**

(क) हिन्दी कथा साहित्य की विकास यात्रा।

(ख) कफन कहानी का उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) उपेन्द्र नाथ अश्क के कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(घ) शिवानी के लेखन कला पर प्रकाश डालिए।

(ङ) बाल शौरी रेड्डी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

Q. 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : **15**

(1) 'मलबे का मालिक' कहानी में किस घटना का वर्णन है ?

(2) रख्खे पहलवान किस कहानी का पात्र है ?

(3) 'परदा' कहानी के किसी एक पात्र का नाम लिखिए।

(4) उपन्यास के कितने तत्व होते हैं ?

(5) फणीश्वर नाथ रेणु किस तरह के उपन्यासकार के रूप में प्रसिद्ध हैं ?

(6) शिवानी के दो कहानी संकलन के नाम लिखिए।

(7) गदल के बेटे का नाम लिखिए।

(8) सिरचन किस कहानी का पात्र है ?

(9) प्रेमचन्द के किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(10) वाहिद किस कहानी का पात्र है ?

(11) शामनाथ किस कहानी का पात्र है ?

(12) विभाजन की त्रासदी को आधार बनाकर कौन सी कहानी लिखी गयी ?

(13) प्रेमचन्द का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(14) जालपा को कौन-सा आभूषण प्रिय था ?

(15) शिवानी भारत के किस अंचल की निवासी हैं ?

(16) 'काले साहब' के लेखक का नाम लिखिए।